# अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

रीवा, दिनांक 12/03/25

क्रमांक / परीक्षा / 2025 / 373

## संशोधित अधिसूचना

विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित/भूतपूर्व/एटीकेटी NEP स्नातक प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष वर्ष वार्षिक पद्धति पूरक परीक्षा 2024 के आवेदन वेबपोर्टल **www.apsu.mponline.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन भरने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

| सत्र | पाठ्यक्रम का नाम | वर्ष | आवेदन तिथि व शुल्क |
|---|---|---|---|
| NEP वार्षिक पद्धति परीक्षा पूरक 2024 | स्नातक – BA, BSC, B.COM. BBA, BCA, BHSC, | **प्रथम वर्ष/द्वितीय वर्ष एनईपी 2024 नियमित/पूरक परीक्षा प्रथम अवसर** | 1. दिनांक 16.03.2025 से 25.03.2025 तक सामान्य शुल्क सहित। |

**विशेष नोट– जो छात्र–छात्रायें न्यूनतम एक विषय/अधिकतम चार विषय में प्रमोटेड है वे छात्र–छात्रायें प्रमोटेड के रूप में फार्म भर सकते हैं।**

निर्देश–

1. प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी अग्रेषित समस्त आवेदनों की सत्यापित प्रति परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कराए, उक्त के अभाव में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा।

2. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया परीक्षार्थी द्वारा आवेदन के साथ जमा किये आवश्यक संलग्न अभिलेखों का भलीभांति परीक्षण कर लें। परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण भरे होने, परीक्षा शुल्क जमा होने, विषय/प्रश्नपत्र सही होने एवं पात्रता सुनिश्चित होने पर ही आवेदन अग्रेषित करें। पात्रता न होने पर परीक्षा, आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।

3. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया प्रवेश विनियमन का पालन करें प्रवेश पोर्टल की प्रवेश सूची एवं विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कक्षा/विषयों के अनुसार ही परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करें।

नोट– **जो छात्र–छात्रायें पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते है उन्हीं छात्र–छात्राओं को वचन पत्र के आधार पर प्रथम दिवस की परीक्षा में सम्मिलित कराये और छात्र–छात्राओं को सूचित कराये कि दिनांक 25.03.2025 तक बिना विलम्ब शुल्क के परीक्षा फार्म भरे।**

आदेशानुसार,

सहायक कुलसचिव गोपनीय